Headline: NSE launched NIVESH India programme	
Source: Hindustan	**Date:** 02 September 2015

एनएसई ने शुरू किया निवेश इंडिया कार्यक्रम

मुंबई। देश के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निवेशकों में निवेश के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर निवेश इंडिया कार्यक्रम शुरू किया है। एनएसई ने मंगलवार को बताया कि वित्तीय तथा निवेश संबंधी जानकारी के माध्यम से निवेशकों प्रशिक्षित करने का यह कार्यक्रम पहले चरण में देश के 12 शहरों में होगा। पूंजी बाजार नियामक सेबी के प्रमुख यू.के. सिन्हा ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की।